# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

*विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की अठारहवीं बैठक*

*(दिनांक 19 जून, 2017)*

*का*

## कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल की अठारहवीं बैठक दिनांक 19 जून, 2017 को माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के गहलोत की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय के कांफ्रेस हॉल में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूचि **संलग्नक–1** पर है।

माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के. गहलोत ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए गत बैठक के उपरांत आदिनांक तक विश्वविद्यालय द्वारा अकादमिक, अनुसंधान एवं विस्तार क्षेत्र में की गई आशातीत प्रगति से अवगत करवाया। माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि गत सात वर्षों में विश्वविद्यालय ने हर क्षेत्र में चहुंमुखी प्रगति की है जिसके परिणाम स्वरूप मानव संसाधन विकास मंत्रालय–भारत सरकार के नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन द्वारा देश के विश्वविद्यालयों की जारी रैंकिंग में इस वर्ष इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार करते हुए एक ऊँची छंलॉंग लगाकर 68वॉं स्थान प्राप्त किया है जबकि पिछले वर्ष जारी रैंकिंग में 97वॉं पायदान पर थी। इसी सर्वेक्षण में यह विश्वविद्यालय राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है। कुलपति महोदय ने बताया कि हाल ही में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वेटरनरी विश्वविद्यालय का आगामी 5 वर्षों के लिए (2016–17 से 2021–22 तक) अधि–स्वीकरण (Accreditation) किया गया। साथ ही यह भी बताया कि भारत सरकार की महती योजना ग्रीन इनिसियेटिव का अनुसरण करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में 100 किलोवाट के सौर ऊर्जा सयंत्र की स्थापना की गई है जिससे न केवल विद्युत खर्च में कटौती संभव होगी बल्कि वातावरण को प्रदूषित करने वाली कार्बन डाईऑक्साइड गैस के उत्सर्जन में भी कमी होगी। माननीय कुलपति महोदय ने सदन को यह भी अवगत करवाया कि हाल ही में कोटा में आयोजित ग्राम–कोटा 2017 कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय ने रिलायन्स इन्डस्ट्रीज के साथ मिलकर किसानों एवं पशुपालकों को पशुचिकित्सा एवं पशुपालन क्षेत्र की नवीनतम जानकारी देने हेतु प्रारंभ की गई वॉयस मैसेज सर्विस एक अनूठी

पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि की इससे देश एवं प्रदेश के पशुपालक सीधे लाभान्वित होंगे। अपनी स्थापना के वर्ष साल के अल्पकाल में विश्वविद्यालय ने चहुंमुखी विकास व नवाचार को तरजीह देकर कार्य किया जिससे यह देश के शीर्ष विश्वविद्यालयों में अपना उच्च स्थान बनाने में कामयाब हो सका।

विश्वविद्यालय द्वारा देशी नस्ल के गौवंश की संवर्धन एवं संरक्षण के लिए किये जा रहे अनुसंधान कार्यों से पशुपालकों को उच्च गुणवत्ता एवं अधिक उत्पादन देने वाले गौवंश उपलब्ध होंगे जो उनकी आय को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभायेंगे। वेटरनरी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से थारपारकर नस्ल की गाय का भ्रूण कांकरेज नस्ल में प्रत्यारोपित करने का कार्य पाइलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने में सफल रहा है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने कड़कनाथ का फास्ट ग्रोइंग ब्रॉयलर स्ट्रेन भी तैयार कर लिया है। राज्य की मुख्य छः स्वदेशी गौवंश नस्लों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए हैरिटेज जीन बैंक योजना के साथ ही पशु पोषण, प्रशिक्षण और इन विट्रो फर्टिलाइजेषन–भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक (IVF-ETT) के उपयोग से दुग्ध क्रांति लाई जा सकेगी। पशुधन अनुसंधान केन्द्रों के माध्यम से भेड़ और बकरियों में भी उन्नत अनुसंधान कार्य किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित अपने अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से 25 हजार किसानों व पशुपालकों को पशुपालन आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया है। वेटरनरी विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई टोल–फ्री हैल्पलाइन की लोकप्रियता के मध्यनजर 100 लाइन का पी.आर.आई. कनेक्शन दूरसंचार विभाग से लिया गया है, इससे देश–विदेश में कॉन्फ्रेंसिग सुविधा सुलभ हो गई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के ये प्रयास माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की वर्ष 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने की महत्वकांक्षी योजना में सीधे–सीधे सहयोग होगा।

माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि यह विश्वविद्यालय अब ग्लोबल भूमिका निभाने के लिये तैयार है। अतः हमें विकास की रफ्तार को बनाए रखकर जन आवष्यकताओं की पूर्ति करने वाले अनुसंधान पर ध्यान देना होगा। विश्वविद्यालय को प्रशिक्षण, प्रसार, अनुसंधान व शिक्षा को राज्य की पशुधन अर्थव्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन के लिए समर्पित कर राज्य के सर्वागीण विकास में अपना योगजना करना है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना

के बाद नवीन तकनीकी और अनुसंधान कार्यों की बदौलत राज्य में दूध और ऊन उत्पादन बढ़ा है तथा अंडों का उत्पादन दुगुने से भी ज्यादा हो जाना अनुसंधान एवं प्रसार के सकारात्मक परिणामों को दर्शाता है।

इसके पश्चात् कुलसचिव द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

| एजेंडा सं. | प्रस्ताव एवं कार्यवाही |
|---|---|
| 18/ए | Presentation of salient progress of RAJUVAS during last 7 years (To be presented in house) |
| | माननीय कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय स्थापना के सात वर्ष की प्रगति प्रतिवेदन का पावर प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया गया। प्रबंध मण्डल के सदस्यों ने राजुवास द्वारा अल्पकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियों को पशुधन और पशुपालकों के हित में अत्यंत उपयोगी माना। उन्होंने राजुवास के चहुँमुखी विकास और देश में अव्वल स्थान बनाने के लिए अपनी ओर से टीम राजुवास को बधाई दी। माननीय सदस्यों ने यह आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी राजुवास सभी क्षेत्रों में प्रगति कर नई ऊँचाईयों को छूयेगा एवं प्रदेश व देश में नाम रोशन करेगा। |
| 18/बी | Confirmation of the minutes of the meeting of 17th BOM dated 07.02.2017 (Enclosed) |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 7 फरवरी, 2017 को आयोजित 17वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की अनुमोदन किया गया। |
| 18/सी | Consideration of minutes of Academic Council dated 19.06.2017 (To be put up on table) |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा अकादमिक परिषद की दिनांक 19 जून, 2017 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| 18/डी | Consideration of minutes of Research Council dated 18.06.2017 (To be put up on table) |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा अनुसंधान परिषद की दिनांक 18 जून, 2017 को हुई बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| 18/ई | Consideration of minutes of Extension Council dated 18.06.2017(To be put up on table) |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रसार शिक्षा परिषद की दिनांक 18 जून, 2017 को हुई बैठक की कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| 18/एफ | Put up details of Embryo transfer and *in vitro* fertilization cum embryo transfer efforts with NDDB and JK Trust (Proposal |

| | |
|---|---|
| | enclosed) and approval of the same. |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा कुलपति महोदय द्वारा प्रस्तुत विवरण की प्रशंसा करते हुए बधाई दी एवं विश्वविद्यालय एवं एनडीडीबी के एनीमल ब्रीडिंग सेन्टर, सलोन, रायबरेली, उ.प्र. के मध्य हुए एम.ओ.यू. पर विस्तारपूर्वक चर्चापरान्त अनुमोदन किया गया एवं आशा व्यक्त की कि दोनों संस्थान अनुसंधान के क्षेत्र में अपने उद्धेश्यों को पूरा करने में सफल होंगे। |
| 18/जी | To put up policy of appointment of Deans and Directors as per directions of Hon'ble HC, Jodhpur the judgment/order dated 10.02.2017 in SB civil writ petition No. 10945/2016 |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा बैठक में प्रस्तुत विश्वविद्यालय के डीन और डायरेक्टर्स की नियुक्ति के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के निर्देशों के अनुसरण में विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की अनुशंसा का अनुमोदन किया गया। साथ ही सदन द्वारा यह राय भी दी गई कि विश्वविद्यालय अपने एक्ट एण्ड स्टेट्यूट जल्द तैयार करें। |
| 18/एच | To appraise the house letter from Raj Bhawan regarding keeping appointments in abeyance and discussion regarding status of recruitment on vacant posts and consequences thereof |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध बोर्ड द्वारा राजभवन के संदर्भित पत्र का अवलोकन कर frivolous complainant की आधार हीन शिकायत के फलस्वरूप नियुक्तियों पर स्थगन के निर्देशों पर बोर्ड द्वारा गहरी चिंता व्यक्त की गयी क्योंकि वल्लभनगर व जयपुर कालेजों में पिछले वर्षों में प्रवेश अनुमत करने हेतु माननीय मुख्य सचिव महोदय ने राज्य सरकार की ओर से तथा माननीय कुलपति ने विष्वविद्यालय की ओर से शीघ्र नियुक्तियों की undertaking दी हुई है। माननीय बोर्ड को अवगत करवाया गया कि शिक्षकों की योग्यता विश्वविद्यालय अधिनियम, 2010 की धारा *16 (ज) विश्वविद्यालय में अध्यापन, अनुसंधान और विस्तार षिक्षा के पदों के लिए विहित की जाने वाली अर्हताओं के संबंध में बोर्ड को सिफारिश करने* के अंतर्गत ही प्राविध्ति की गयीं हैं। माननीय बोर्ड को यह भी अवगत करवाया गया कि शिक्षकों की योग्यता निर्धारण हेतु ऑर्डिनेंस जारी करने का प्रावधान अधिनियम, 2010 में नहीं है। अधिनियम की धारा 12 (थ) में बोर्ड को ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग करने हेतु अधिकृत किया गया है जो इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक हों। सदन ने माननीय कुलपति महोदय को इस संदर्भ में राज्य सरकार को पत्र लिखकर इन पदों को नहीं भरने से राज्य एवं विश्वविद्यालय को होने वाली दीर्घकालिक हानि से अवगत करवाने हेतु आग्रह करने के लिए अधिकृत किया ताकि विश्वविद्यालय की शिक्षण व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जा |

| | |
|---|---|
| | सके और वीसीआई के मानदण्डों की पालना की जा सके। अन्यथा इस सत्र में इन दोनों कॉलेजों में प्रवेश की अनुमति मिलने में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। |
| 18/आई | Appreciations of Dean, CVAS, Bikaner and COE, RAJUVAS for their contributions (Discussions). |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रो. जी.एस. मनोहर, अधिष्ठाता, वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर एवं प्रो. एस.एस. सोनी, परीक्षा नियंत्रक, जो दोनों ही 30 जून, 2017 को सेवानिवृत्त हो रहे है, के सफल कार्यकाल की प्रशंसा की। सदन द्वारा दोनों को बधाई देते हुए उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की मनोकामना की तथा कुलसचिव को इनके द्वारा दी गयी सेवाओं हेतु बोर्ड की भावनाएं लिखित में भी प्रेषित करने के निर्देश दिये।<br>इसी बिन्दु पर माननीय कुलपति माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के गहलोत का कार्यकाल 28 जून, 2017 को समाप्त होने पर भी चर्चा की गयी। इस संबंध में बिन्दु सं. 18/ए में व्यक्त की गयी भावनाओं को पुनः व्यक्त किया गया तथा कुलसचिव को प्रो. (डॉ.) कर्नल ए.के गहलोत द्वारा दी गयी सेवाओं हेतु बोर्ड की भावनाएं लिखित में भी प्रेषित करने के निर्देश दिये। |
| 18/जे | To appraise grace pass of degrees and Gold Medals already approved, process of convocation and any other special issue, which the COE wants to appraise the house (To be put up on table). |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा परीक्षा नियंत्रक द्वारा ग्रेस पास हेतु प्रस्तुत डिग्रियों एवं स्वर्ण पदकों, प्रोसेस ऑफ कन्वोकेशन एवं दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम जो परीक्षा नियंत्रक महोदय सदन के ध्यान में लाए गये, का अनुमोदन किया। |
| 18/के | To note and approve important orders passed by officers of the University |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा सदन में प्रस्तुत विश्वविद्यालय के आदेशों का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया। |
| 18/एल | विश्वविद्यालय एवं इसकी विभिन्न इकाइयों में रिक्त पदों के विरूद्ध विशिष्ट योग्यता एवं कुशलताधारी सेवानिवृत्त कार्मिकों की पुनर्नियुक्ति के लिए राज्य सरकार की अधिसूचना सं. एफ.12(6)एफ.डी./रूल्स/2009 दिनांक 22.09.2014 द्वारा किए गए प्रावधानों को अंगीकार (Adopt) किया जाने हेतु विचारार्थ। |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा इस आशय से संबंधित प्रस्तुत नियमों/प्रावधानों को विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकार करने हेतु अनुमोदन किया गया। |
| 18/एम | Any Other issues with the permission of the Chair |

| | |
|---|---|
| 18/एम–1 | To consider granting one time 1/3 relaxation in the experience prescribed for promotion (inline) of Non-Teaching posts in Ministerial & Technical cadres, which are to be filled through promotion, on the analogy of clause 46 of the Rajasthan Subordinate Officers Ministerial Service Rules 1999 and GOR circular No. F.7(2)DOP/A-2006 Part-II dated 08.05.2015 |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। |
| 18/एन | Not to forward/recommend the application of faculty of RAJUVAS applying on similar post/pay-scale in other Universities/Institutes |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। |
| 18/ओ | Implementation of the judgement of Hon'ble Supreme Court of India in the Civil Appeal No. 11527 of 2014 dated 18.12.2014, wherein, recovery by the employers would be impermissible in law |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उक्त निर्णय की letter and spirit में पालना करने हेतु निर्देशित किया गया जिस हेतु कुलसचिव द्वारा एक नोटिफिकेशन जारी किया जाये, यह भी निर्णय लिया गया। |
| 18/पी | Approval of the Minutes of the meeting regarding Employees Welfare Scheme-2012 dated 19.06.2017 |
| निर्णय | माननीय प्रबन्ध मण्डल द्वारा बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |

The meeting ended with a vote of with thanks to the Chair.

sd/-
**REGISTRAR**

No. F.(2)/RAJUVAS/Estt/BOM-18/2017/ 65
Dated:27.06.2017

Copy for information and necessary action to:
1. Pr. Secretary to Hon'ble Governor and Chancellor, Raj Bhawan, Jaipur (Raj.)
2. PS to Vice-Chancellor, RAJUVAS, Bikaner for kind perusal of the Hon'ble Vice-Chancellor.
3. All Hon'ble members of Board of Management, RAJUVAS, Bikaner.
4. All Deans/Directors/University Officer, RAJUVAS, Bikaner.
5. Nodal Officer, RAJUVAS website for putting on the website at appropriate place.

27/6
**REGISTRAR**

**Annexure-1**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Dr. A.K. Gahlot, Hon'ble Vice-Chancellor, RAJUVAS | **In Chair** |
| 2. | Dr. Ajay Kumar Gupta, Director, Animal Husbandry Department, Jaipur | **Member** |
| 3. | Dr. Amit Nain, Village Bodiwala Pitha, P.O. Khui-Khera, Teh & District Pujnab | **Member** |
| 4. | Dr. A.P. Vyas, Bikaner | **Member** |
| 5. | Dr. G.S. Manohar, Dean & Chairman Faculty, CVAS, Bikaner | **Member** |
| 6. | Dr. A.P. Singh, Professor, Department of Veterinary Medicine, CVAS, Bikaner | **Member** |
| 7. | Sh. Balram Saharan, Gram Dhaba, Suratgarh | **Member** |
| 8. | Smt. Kamna Choudhary, Advocate, Choudhary Sadan, Sadul Ganj, Bikaner | **Member** |
| 9. | Dr. K.R. Godara, (Rep. M.D., RCDF) | **Member** |
| 10. | Dr. Rakesh Rao, Director Research, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 11. | Dr. S.K. Kashyap, Dean , PGS, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 12. | Dr. Vishnu Sharma, Dean, PGIVER, Jaipur | **Invitee** |
| 13. | Dr. S.S. Soni, C.O.E., RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 14. | Dr. R.K.Singh, Director, PME, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 15. | Dr. S.C. Goswami, Dean, Student Welfare, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 16. | Dr. J.S. Mehta, Director Clinics, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 17. | Dr. R.K. Dhuria, Director, Extension Education, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 18. | Sh. Arvind Bishnoi, Comptroller, RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 19. | Er. M.R.Choudhary, Director Works (E.O.), RAJUVAS, Bikaner | **Invitee** |
| 20. | Sh. B.R.Meena, Registrar RAJUVAS, Bikaner | **Member Secretary** |